हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 जून 2025

04 मूंग-उड़द खरीदी के लिए पंजीयन शुरू



07 जपं में नहीं कचरा निष्पादन व्यवस्था...





## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज होगा

**नर्मदापुरम।** शहर के विवेकानंद घाट कोठी बाजार में मानस मेडिकल के बाजू में आज 19 जून को निशुल्क स्वास्थ्य का आयोजन किया जाएगा सुबह। सुबह 11 से 3 बजे तक डॉक्टर उमंग अग्रवाल द्वारा हड्डियों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। स्वस्थ शिविर के दौरान डॉक्टर अग्रवाल हड्डियों में लचीलापन, खोखलापन, कमजोरी, हड्डियों में दर्द सहित अन्य संबंधित बीमारियों का जानकारी देंगे और उचित इलाज और परामर्श देंगे । जो जांच बाहर एक से दो हजार रुपए तक होती है वह निशुल्क की जाएगी। डॉ. अग्रवाल का कहना है कि हड्डी रोग से संबंधित लोग शामिल होकर सलाह ले सकते हैं।

### ऑटो चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**नर्मदापुरम।** सेवा भारती के तत्वाधान में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर आटो चालकों के हार्ट, बीपी एवं शुगर का निःशुल्क परीक्षण का आयोजन होगा। सभी ऑटो चालकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य लाभ लेने की बात राजेन्द्र सिंह जिला अध्यक्ष आटो चालक संघ, बद्री प्रसाद केवट जिला उपाध्यक्ष ने कही है।

## प्रशिक्षित योग शिक्षक कराएंगे सामूहिक योगाभ्यास, कई स्थानों पर आयोजन

# नर्मदांचल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनेगा, तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देश पर नर्मदापुरम संभाग में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समूचे संभाग में शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारी एवं नागरिक सामूहिक रूप से योग अभ्यास कर समारोह को पूर्ण करेंगे। इसके पूर्व नर्मदापुरम में पिछले तीन दिनों से योग अभ्यास सामूहिक रूप से जारी है।**

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संभाग के तीनों जिलों में जिला मुख्यालय सहित विकासखंड स्तर पर योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन सभी शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं जनप्रतिनिधि गण, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक सामूहिक रूप से योग करेंगे। कमिश्नर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं जिला मुख्यालय सहित विकासखंड स्तर पर लगभग 15 00 योग केंद्र में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर को निर्देश दिए।



### सुबह 6 बजे से होगा आयोजन

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में प्रातः 6:00 बजे से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय एवं सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 6:00 बजे से प्रातः 6:30 बजे तक जनप्रतिनिधियों का आगमन एवं उद्धबोधन होगा तथा प्रातः 6:30 बजे से प्रातः 6:40 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण करेंगे।

### योग शिक्षक कराएंगे योगाभ्यास

हर योग केंद्र पर एक प्रशिक्षित योग शिक्षक ही योग का अभ्यास कराएगे। योग शिक्षक को पर्याप्त प्रशिक्षण देने के लिए 20 जून तक की तिथि निर्धारित की गई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सामूहिक योग के पश्चात योग अभ्यास में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या और योग अभ्यास के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। जिपं सीईओ ने बताया कि जिले में सभी शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा धूपगढ़, तिलक सिंदूर, एवं मढ़ई एवं अन्य ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल में भी योग के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### कॉलेज व स्कूल के प्रशाल में होगा योगाभ्यास

नर्मदापुरम जिले में नर्मदा महाविद्यालय में कृषि उपज मंडी में तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वृहद स्तर पर योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की निर्धारित लक्ष्य के अनुसार योग पंजीयन केंद्रो का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जाए।। योग के पश्चात योग अभ्यास की फोटो और वीडियो भी पोर्टल पर अपलोड की जाए।

## खनिज का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्रॉली, 2 डंपर बरामद

### खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है।

खनिज विभाग द्वारा 09 जून 2025 को ग्राम-कवेली, तह०-इटारसी से 01 ट्रेक्टर ट्राली एवं 14 जून 2025 को ग्राम-धरमकुण्डी, तह०-सिवनीमालवा से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया है। राजस्व विभाग द्वारा 16 जून 2025 को तहसील सिवनीमालवा अन्तर्गत दमाड़िया हरदा नर्मदापुरम बायपास रोड़ से 01 डम्पर क्रमांक- एम.पी.04एच.ई.3888 को गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एवं 01 डम्पर को रेत का ओवरलोड परिवहन करते हुए जप्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाने में खड़ा कराया गया है।

उक्त कार्यवाही में सरोज सिंह परिहार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनीमालवा, पिंकी चौहान खनि निरीक्षक नर्मदापुरम एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## नपा के हाका दल ने 33 पशुओं को किया नगर सीमा से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर को आवारा पशुओं से मुक्त करने के लिए नगरपालिका का हाका दल सक्रिय हो गया है। बुधवार को हाका दल द्वारा करीब 33 आवारा सांडों को नगर सीमा से बाहर किया गया है। इसके साथ ही हाका दल कर्मियों को नगर सीमा को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़कों पर विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नगर को आवारा पशुओं से मुक्त कराने के लिए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है।

## विवेकानंद घाट पहुंच मार्ग के किनारे रखे टपों को हटाया जाएगा

### सीएमओ और विधायक प्रतिनिधि ने किया मीनाक्षी चौक का निरीक्षण, मौका मुआयना कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अभी हाल ही में मीनाक्षी चौक के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण कार्य का लोकार्पण हुआ था। वहीं विवेकानंद घाट वाली सड़क किनारे रखे टपों को हटाकर खाली स्थान पर रखे जाएंगे। नगरपालिका की टीम द्वारा उन्हें वहां से हटाने के लिए दो दिनों का समय दिया गया है। दो दिनों के अंदर टप वहां से नहीं हटे तो नगरपालिका द्वारा सख्ती से हटा दिए जाएंगे। जल विभाग की दो बिल्डिंग को डिस्टमेंटल कर बनाई गई जगह पर व्यवस्थित रूप से विवेकानंद घाट की तरफ सड़क किनारे के टपों को हटाकर रखवाए जाएंगे। बुधवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा



निरीक्षण किया गया।

अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि मीनाक्षी चौक पर बिल्डिंग डिस्टमेंटल होने के बाद निकली जगह पर टप मालिक अपनी मनमर्जी से बड़े बड़े टप रख रहे थे। जानकारी मिलते ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले पहुंची और उन्होंने अवैध रूप से रखे टपों को हटाने के तत्काल निर्देश दिए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा भी टप रखने के स्थान का निरीक्षण किया गया और समझाइश दी गई। मीनाक्षी चौक सुंदर और सुव्यवस्थित दिखे।

मीनाक्षी चौक का अभी हाल ही में चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण हमारे जनप्रतिनिधिगणों द्वारा किया गया था। उसे और अधिक सुंदर बनाने के लिए व्यवस्थाएं बनाई जा रही है। विवेकानंद घाट वाली सड़क के किनारे रखे टपों को खाली जगह पर स्थानांतरण करने निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बिजली और ट्रेफिक सिग्नल के खंबे हटाए जा रहे हैं। जल्द ही उक्त कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## जगदगुरु शंकराचार्य ने दिया स्टेशन पर भक्तों को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



श्री धर्म सम्राट द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज अल्प प्रवास के दौरान कुछ समय के लिए स्टेशन पर दर्शन लाभ एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य पंडित सोमेश परसाई, नितिन तिवारी, वंदना तिवारी हेमंत गोस्वामी यथार्थ तिवारी, अमन मालवीय, पलाश यादव, क्षितिज यादव, नमन तिवारी ने दर्शनों का लाभ लिया एवं स्टेशन मैनेजर देवेंद्र चौहान एवं कमर्शियल मैनेजर दुबे एवं समस्त रेलवे स्टाफ का विशेष सहयोग एवं दर्शनों का लाभ लिया।

## कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान के तहत की गई जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के साथ ही कांग्रेस में नए जिला और शहर अध्यक्ष की तैयारी तेज हो गई है। नर्मदापुरम में बुधवार को इसको लेकर रायशुमारी हुई। केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉ. अजोय कुमार, जिला प्रभारी अवधेश सिसोदिया और भूपेंद्र मोहासा ने प्रेस वार्ता कर चयन प्रक्रिया की जानकारी दी।



### इन बिंदुओं पर होगा अध्यक्ष का चयन

डॉ. अजोय कुमार ने कहा,अध्यक्ष के चयन में आर्थिक आधार महत्वपूर्ण नहीं है। उसमें नेतृत्व करने की क्षमता, संगठन के लिए सक्रियता, सभी वर्गों का विश्वास और गुटों में समन्वय बनाने की योग्यता होनी चाहिए। साथ ही नए लोगों को जोड़ने और संगठन के लिए समय देने की इच्छा होनी चाहिए।

प्रेस वार्ता के बाद वाटिका होटल में दोपहर से बैठक हुई। इसमें कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कई कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन भी दिए। सूत्रों के अनुसार कुछ नए चेहरे भी दावेदारी में सामने आए हैं। पर्यवेक्षक दावेदारों को गंभीरता से परख रहे हैं।

## जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला फुटबाल संघ नर्मदा पुरम द्वारा आयोजित जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्रथम मैच जिला फुटबॉल संघ धार एवं जिला फुटबाल संघ मुरैना के मध्य खेला गया।

यह मैच समाप्ति तक एक-एक गोल की बराबरी पर रहा प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के लिए मुख्य अतिथि नेशनल फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष विष्णुकांत पांडे जी (डैनी भैया) रेलवे के सेवानिवृत्ति यूनियन के पदाधिकारी केके शुक्ला जी एवं सिद्धू पांडे जी ने खिलाड़ियों से प्राप्त किया! इसी श्रृंखला में प्रतियोगिता का दूसरा मैच जिला फुटबाल संघ भोपाल एवं जिला फुटबाल संघ नीमच के मध्य खेला गया।

यह मैच समाप्ति तक भोपाल टीम ने 6-0 से विजय प्राप्त की तथा इस मैच के मुख्य अतिथि मोहित राज दुबे न्यू नेशन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया के ट्रेजआर के साथ फाइटर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल फुटबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी अजय चौधरी पप्पू भैया, जितेंद्र रायकवार,भूषण कनौजिया, सौभाग्य दुबे, नितेश कनौजिया प्रीतम तिवारी, डालचंद राज उपस्थित थे।

## माफिया पर सख्ती, नियम विरुद्ध कॉलोनी तो होगी एफआईआर, बैंक खाते होंगे सीज

### अवैध कॉलोनी को लेकर सरकार सख्त, भू माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सरकार अवैध कॉलोनी को लेकर सख्त हो गई है और नए नियम बनाए गए हैं। यदि कॉलोनाइजर गैरकानूनी तरीके से और कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी कटेगा तो उस पर केस दर्ज करवाया जाएगा। साथ ही उसके खाते भी सीज किए जाएंगे। वहीं कॉलोनाइजर की संपत्ति जब्त की जाएगी। सरकार ने मप्र नगरपालिका कॉलोनी विकास नियमों को और सख्त करने की तैयारी कर ली है।

1998 से नियमों में यह प्रावधान है कि कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त किसी भी अवैध कॉलोनी के निर्माण पर कॉलोनाइजर को जेल भेज सकते हैं। सीधे गिरफ्तारी का अधिकार है। अब सरकार नियमों को प्रभावी और सख्त बनाकर अंकुश लगाएगी। नए प्रस्ताव के अनुसार किसी कॉलोनाइजर ने कृषि भूमि पर बिना अनुमति कॉलोनी नहीं काटेगी।

ऐसी कॉलोनी को सरकार अपने हैंडओवर करेगी। ऐसी कॉलोनियों का सर्वे करवाया जा रहा है। जब तक सर्वे पूर्ण नहीं होता, तब तक उन कॉलोनियों में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री और नामांतरण पर रोक होगी। सरकार का उद्देश्य है कि अवैध निर्माण को रोका जाए। 31 दिसंबर 2016 तक बनी कॉलोनियों को वैध करने का प्रावधान है ।

वर्तमान में यह संशोधित नियम लागू है, जिसमें यह भी तय किया गया कि एलआईजी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के रहवासियों से कोई विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रदेश में वर्तमान समय में तीन हजार से अधिक अवैध कॉलोनियां हैं। इनमें अधिकांश नगर निगम और नगर निकाय की सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। सरकार का उद्देश्य अवैध निर्माण को पूरी तरह से रोकना है।

## सर्व समाज जनसेवक संगठन की कार्यकारिणी हुई घोषित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत दिवस गांधी भवन भोपाल में राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी सर्व समाज जन सेवक संगठन की प्रांतीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार नीति आयोग की सदस्या अर्चना जैन रही।जो अन्य मातृशक्ति के साथ बैठक में शामिल हुई। साथ ही संपूर्ण प्रदेश के महिला पुरूष इकाई पदाधिकारी भी संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव ने संगठन के मूलभूत उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शासन प्रशासन के बीच की कड़ी बनकर जनहित से जुड़े न्याय उचित मुद्दों को जनसेवक के रूप में पूर्ण कराने पर बल दिया। साथ ही शीर्ष नेतृत्व कार्यकारी अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीवास सहित अन्य पदाधिकारी के साथ संगठन विस्तार कर पदाधिकारीयों को नये दायित्व सौंपे गए।

## जिले के 28 दिव्यांगजनों को मिला ट्राई स्कूटी का सहारा

# केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद दर्शन सिंह ने दिव्यांगजनों को ट्राई स्कूटी भेंट कर मनाया दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनता कार्यालय नर्मदापुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा सांसद निधि से दिव्यांगजनों को ट्राई स्कूटी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 28 दिव्यांगों को ट्राई स्कूटी प्रदान की गई। मां नर्मदा का पूजन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना नर्मदापुरम नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने रखी। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीता शरण शर्मा ने कहा कि सांसद जी ने दिव्यांगों को





ट्राई स्कूटी प्रदान कर हमारे कार्य को और अधिक सहज किया है। हम जहां जाते थे तो दिव्यांगो के आवेदन प्राप्त होते थे। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा बूथ अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों से भी विधिवत पूजन कराकर दिव्यांगों को ट्राई स्कूटी प्रदान करने की सराहना की। आयोजित कार्यक्रम में दिनेश मीणा सियाराम कीर रमाकांत मीणा नरेंद्र यादव सहित किसान संगठनों के पदाधिकारी ने ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों के हल भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि की जानकारी साझा करते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ग्रीष्मकालीन उपार्जन के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का विधिवत संचालन नीतिराज सिंह पटेल एवं योगेंद्र सिंह राजपूत ने किया।

## कलेक्टर सोनिया पर्यटन परियोजना में उत्कृष्ट योगदान पर सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम ग्रामीण रंग पर्यटन संग अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया सम्मानित नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को ग्रामीण पर्यटन मिशन, मध्यप्रदेश के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन परियोजना में उनके उत्कृष्ट योगदान और शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण रंग पर्यटन संग कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

कलेक्टर मीना को यह सम्मान जिले में होमस्टे निर्माण की योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए दिया गया है, जो कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। उनके नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी के चलते यह परियोजना आज एक आदर्श मॉडल के रूप में सामने आई है।

## खबर संक्षेप



### 21 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी प्रारंभ

**शाहपुर।** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस है। योग दिवस को मनाने के लिए शहर में तैयारियां शुरू कर दी है। योग समिति शाहपुर के योग गुरु संतोष राठौर ने बताया कि योग दिवस को मनाने के लिए नागरिकों के द्वारा योग प्रारंभ कर दिया गया है। 21 जून को विशेष रूप से अत्यंत हर्ष के साथ स्वस्थ शरीर के लिए मिलकर प्रातः काल में योग करेंगे। श्री राठौर ने बताया कि प्रतिदिन अपने जीवन में थोड़ा सा समय निकालकर योग अवश्य करेंगे, क्योंकि योग करने से ही निरोग काया रहती है। सुंदर और स्वस्थ खुशहाल लंबी उम्र योग करके ही प्राप्त हो सकती है। प्राचीन काल में ऋषि मुनि भी योग करके निरोगी रहती थे। इसलिए प्रतिदिन सभी को योग करना चाहिए। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**सारणी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के मुख्य अभियंता (उत्पादन) के निर्देशानुसार कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चिकित्सालय द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर घोघरी एवं लक्कडक़्रोट ग्राम में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में एम.पी.पी.जी.सी.एल. चिकित्सालय की तीन चिकित्सक डॉ.विजय कुमार रघुवंशी, डॉ.आयुष शर्मा, डॉ.दक्ष मालवीय की टीम द्वारा 200 मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श किया गया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। वहीं महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों का विशेष ध्यान रखते हुए, शिविर में 100 महिलाओं को सैनिटरी पैड्स का निशुल्क वितरण भी किया गया। भीषण गर्मी में ग्राम वासियों तथा चिकित्सा टीम के लिए कूलर, पानी की व्यवस्था की गई तथा जनरेटर की व्यवस्था की गई थी। इस शिविर के सफल आयोजन में सभी ग्रामवासियों, तथा झमलो बाई आंगनवाड़ी सहायिका,महंती मर्सकोले आशा कार्यकर्ता घोघरी, जैवंती वरकड़े आशा कार्यकर्ता, संगीता भोरसे आशा कार्यकर्ता सुपरवाइजर, का सहयोग रहा।

### उमा पवार बनीं लायंस क्लब महक की अध्यक्ष



**बैतूल।** लायंस क्लब बैतूल महक की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन पूर्ण कर लिया गया है। क्लब की नामांकन समिति की बैठक में लायंस इंटरनेशनल के संविधान के अनुसार चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। समिति द्वारा चयनित पदाधिकारियों की सूची को क्लब बोर्ड ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया, जिसके बाद नामों की औपचारिक घोषणा की गई। इस वर्ष लायंस क्लब महक की अध्यक्ष लायन उमा पवार होंगी। सचिव पद की जिम्मेदारी लायन मंजुला पाठक को सौंपी गई है, जबकि लायन संध्या बोहरे को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सह-सचिव लायन रक्षा अग्रवाल और सह-कोषाध्यक्ष लायन सपना सिकेरा होंगी। क्लब की उपाध्यक्षों में प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में लायन संगीता गुप्ता और द्वितीय उपाध्यक्ष के रूप में लायन रंजना झोड़ को चुना गया है। क्लब की अन्य प्रमुख जिम्मेदारियों में मेम्बरशिप एडवाइजर लायन सपना सोनी और लायन मधुबाला देशमुख को बनाया गया है। सर्विस एक्टिविटी चेयरपर्सन की जिम्मेदारी लायन कंचन आहूजा को सौंपी गई है। हंगर एक्टिविटी चेयरपर्सन लायन दीप्ति दुबे होंगी। यूथ एक्टिविटी चेयरपर्सन के रूप में लायन डॉ. निहारिका भावसार को चुना गया है। एलसीआईएफ चेयरपर्सन लायन चंद्रकांता गाकरे होंगी। कैंसर एक्टिविटी चेयरपर्सन की भूमिका लायन कीर्ति चंदेल निभाएंगी, जबकि डायबिटीज चेयरपर्सन लायन डॉ महिमा सोनवने होंगी।

## जिले में खरीदी के लिए बनाए गए हैं 34 केन्द्र

# मूंग-उड़द खरीदी के लिए पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



**करा सकते हैं पंजीयन**

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के निर्देश मिले है। जिसके तहत जिले में 36 खरीदी केन्द्र बनाये जायेगे। आज 19 जून से मूंग खरीदी को लेकर पंजीयन भी शुरू हो जायेगा। किसान आवश्यक दस्तावेज ले जाकर पंजीयन करा सकते है।

**आनंद बडोनिया, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल**

प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदी का निर्णय लिया है। समर्थन मूल्य में मूंग एवं उड़द खरीदी के लिए 19 जून से पंजीयन प्रारंभ होगा। सरकार ने इस संबंध में संबंधित विभाग एवं एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। जिसके बाद विभाग ने खरीदी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए जिलेभर में 34 खरीदी केन्द्र बनाये जा रहे है। बता दे कि जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग 15900 हेक्टेयर रकबे में बोई गई थी और बड़े पैमानें पर मूंग का उत्पादन भी हुआ है, लेकिन समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू नहीं होने से किसान उपज को मंडी में बेच रहे थे, जहां किसानों को 5 से 6 हजार रूपये प्रति क्विंटल मूंग बेचना पड़ रहा था। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में मूंग-उड़द खरीदी के निर्णय से किसानों में हर्ष का माहौल है, क्योंकि समर्थन मूल्य में मूंग - उड़द की खरीदी की घोषणा होते ही मंडी में मूंग के दामों में तेजी देखी गई। बुधवार को बडोरा मंडी में मूंग के न्यूनतम दाम 6100 और अधिकतम दाम 7500 रूपये तक रहे।

### 5 जुलाई तक होगे पंजीयन

सरकार ने मूंग के पंजीयन को लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई तक होंगे। साथ ही उड़द का भी समर्थन मूल्य के लिए पंजीयन किया जाएगा। इस साल मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपए है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंजीयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा या परेशानी किसानों को न हो। कलेक्टर ने पंजीयन केंद्रों की सतत निगरानी और निरीक्षण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं ताकि सभी व्यवस्थाएं सही और समय पर हो सके। कलेक्टर ने कहा कि पंजीयन केंद्रों पर हर प्रकार की सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान आसानी से अपना पंजीयन करा सकें। इसके अलावा किसानों को पंजीयन के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज या अन्य आवश्यक जानकारी के बारे में पूर्व में सूचना दी जाए, ताकि वे पूरी तैयारी के साथ पंजीयन करवा सकें।

### घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में सबसे अधिक केंद्र

जिले में इस बार 15900 हेक्टेयर में किसानों ने मूंग लगाई थी। कुछ किसानों ने सरकारी खरीदी नहीं होने के कारण मूंग मंडी में बेच दी है। वहीं कई किसान समर्थन मूल्य में मूंग की खरीदी का रास्ता देख रहे थे। आखिरकार किसानों की मांग पूरी हुई और सरकार ने मूंग-उड़द को समर्थन मूल्य में खरीदी की घोषणा की। जिसके लिए जिले में 36 केन्द्र बनाये गये है। पंजीयन के लिए जिले में सहकारी समिति आठनेर, सहकारी समिति हिडली, आमला, जम्बाड़ा, रानीपुर, प्राथमिक चोपना, घोड़ाडोंगरी, कुरी रानीपुर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित सारनी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित पाढर, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिचोली सहित जिले के अन्य ब्लॉकों में 34 केंद्र बनाए हैं। सबसे अधिक केंद्र घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में बनाए गए हैं।

### पिछले साल 8682रुपए प्रति क्विंटल खरीदा था मूंग

इस साल सरकार ने मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8768 रुपए तय किया है, जबकि पिछले वर्ष 2024-25 में 8682 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से मूंग की खरीदी की थी। वहीं मंडी में किसानों को मूंग के दाम 6 से 7 हजार रूपए तक मिल रहे थे। जिससे किसानों को एक से डेढ़ हजार रूपए प्रति क्विंटल नुकसान उठाना पड़ रहा था। किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू होने से किसानों को मूंग फसल के उचित दाम मिलेगे। मंडी में दाम कम मिलने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। लेकिन अब सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी से किसानों में खुशी का माहौल है।

## पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

# प्रेम संबंध में पत्नी को भगाकर ले जाने वाले युवक की पीटकर हत्या



**बैतूल।** प्रेम संबंध में पत्नी को भगाकर ले जाने वाले युवक की परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में शाहपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटों में हत्या में शामिल सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 4 मई 2025 को ग्राम मण्डई खुर्द निवासी संगीता नागले अपने पति बलदेव से विवाद होने के कारण अपने प्रेमी राजा घोरपड़े (निवासी घाट पिपरिया, जिला बैतूल) के साथ अपनी 5 वर्षीय पुत्री को लेकर गुजरात चली गई थी। संगीता का भाई अशोक उसे यह कहकर वापस बुलाया कि वह तलाक की प्रक्रिया करवाकर राजा से उसकी शादी करवाएगा। संगीता 16 जून 2025 को राजा के साथ गुजरात से लौट रही थी, इसी दौरान संगीता के पति बलदेव और अन्य परिजनों द्वारा पूर्व नियोजित योजना के तहत दोनों को भौंरा में बस से उतारकर जबरन मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ितों को ग्राम गुरगुन्दा स्थित अरुण बेले के घर ले जाकर राजा घोरपड़े के हाथ-पैर बांधकर उसे लाठी, डंडे, पाइप, बेल्ट, घूंसे व लातों से इतनी बेरहमी से पीटा गया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राजा को गंभीर अवस्था में थाना शाहपुर लाया गया, जहां से तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, परंतु इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। संगीता नागले द्वारा दिए गए आवेदन व घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना शाहपुर में धारा 296(बी), 115(2), 126(2), 127(2), 140(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। घायल राजा की मृत्यु उपरांत धारा 194 बीएनएस के तहत पृथक प्रकरण दर्ज किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं पीड़िता संगीता के कथनों के आधार पर मामले में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए बलदेव पिता शिवचरण नागले (31 वर्ष) निवासी मण्डई खुर्द, सम्मी उर्फ शनि पिता सुन्दरलाल नागले निवासी अर्जुन नगर बैतूल, अनिल पिता बद्री बेले निवासी गुरगुन्दा, राजकुमार पिता रामाधार कोगे निवासी साकादेही, अशोक पिता सुरतलाल कुदारे निवासी भयावाड़ी, रमेश पिता पन्नालाल कुदारे निवासी भयावाड़ी, मुकेश पिता बद्री कुदारे निवासी भयावाड़ी, अभय पिता रमेश कुदारे निवासी भयावाड़ी, अरुण पिता अनिल बेले निवासी गुरगुन्दा, यशोदा पति राजकुमार कोगे निवासी साकादेही और सोनम पति सम्मी उर्फ शनि नागले निवासी साकादेही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक मुकेश ठाकुर, उप निरीक्षक सोनम साहू, सहायक उप निरीक्षक सुनील कैथवास, ओ.पी. गढ़वाल, प्रधान आरक्षक सेवलाल, प्र.आर.संजेश, आरक्षक नीरज, विनय प्रताप, प्रमोद, उमेश, विकास, शुभम, महिला आरक्षक सविता, मनीषा की सराहनीय भूमिका रही।

## अश्लील इशारे व धमकी देने का लगाया आरोप

# पड़ोसी की अभद्र हरकतों से परेशान महिला पहुंची एसपी कार्यालय

**बैतूल।** ग्राम कढाई की एक फरियादी महिला ने अपने पड़ोसी और उसके साले पर छींटाकसी, अश्लील इशारे करने, घर में घुसकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। महिला ने अनावेदकगण जगन्नाथ और उसके साले टुकडु के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है। फरियादी महिला ने शिकायत में बताया कि उसके घर के सामने अनावेदक जगन्नाथ रहता है, जो पिछले 3-4 महीनों से उसे देखकर छींटाकशी करता है और अश्लील इशारे करता है। जब महिला ने इस घटना की जानकारी अपने पति अनिल को दी, तो उन्होंने जगन्नाथ को घर के सामने समझाने की कोशिश की। इस पर जगन्नाथ ने 15 जून को अनिल के सामने थूक दिया और वहां से चला गया। इसके बाद 17 जून को दोपहर लगभग 2 बजे अनावेदक का साला टुकडु महिला के घर में जबरन घुस गया। महिला ने आरोप लगाया कि उसने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगा। वह घर में किसी अनिल को खोज रहा था, जब कोई नहीं मिला तो उसने कहा कि मेरे पास टाटा सफारी गाड़ी है, जैसे ही वह रास्ते में मिलेगा, मैं उसे कुचल दूंगा और जितना पैसा लगेगा वह भर दूंगा, कहकर चला गया। महिला ने बताया कि घटना के वक्त उसका बेटा घर में मौजूद था, जिसे भी अनावेदक ने धक्का देकर धमकाया। पीड़ित महिला ने यह भी बताया कि टुकडु आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और वह किसी भी अनहोनी को अंजाम दे सकता है।

## आरोपः भाजपा सरकार मजदूरों से उनका हक छीन रही है

# न्यूनतम वेतन के एरियर्स का भुगतान न होने पर सीटू ने सरकार को घेरा, सौंपा ज्ञापन



**बैतूल।** मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं कर पा रही है। इससे लाखों श्रमिकों, ठेका कर्मियों और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन हो रहा है। यह आरोप सीटू यूनियन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन तथा ऑटो चालक एकता यूनियन के संरक्षक कामरेड कुन्दन राजपाल ने लगाया है। यह बात सीटू यूनियन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कही गई है। 17 जून को सीटू प्रतिनिधिमंडल ने श्रम पदाधिकारी धम्यदीप भगत के माध्यम से श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार प्रत्येक पांच वर्षों में वेतन का पुनरीक्षण होना चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार इसका पालन नहीं कर रही है। सीटू यूनियन ने आरोप लगाया कि पिछली बार नवंबर 2019 में पुनरीक्षण किया गया, लेकिन उसके लाभ अप्रैल 2024 से दिए गए, जिससे श्रमिकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। यह भी बताया गया कि 01 अप्रैल 2024 से लागू इन पुनरीक्षित दरों को कानूनी विवाद में उलझा दिया गया, जिसकी सुनवाई मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में हुई। अंततः 10 फरवरी 2025 को सुनवाई के बाद 21 फरवरी 2025 को फैसला आया, जिसके बाद पूरे प्रदेश में यह दरें प्रभावशील मानी गईं। हालांकि सरकार ने मार्च 2025 का वेतन बढ़ी हुई दरों से अप्रैल में दे दिया, लेकिन अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक का एरियर्स अब तक नहीं दिया गया है। यह एरियर्स राशि लाखों श्रमिकों की मेहनत की कमाई है, जिसे जानबूझकर रोका जा रहा है। यूनियन का कहना है कि यह स्थिति न्यूनतम वेतन कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।

# मकान में तोड़फोड, परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप, एसपी से की शिकायत

**बैतूल।** प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बोरपेंड निवासी देवशंकर बारपेटे ने अपने मकान में जबरन तोडफ़ोड़ और परिवार को जान से मारने की धमकी देने वाले अनावेदकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपा है। देवशंकर बारपेटे ने अपने आवेदन में बताया कि 9 जून की शाम करीब 6.30 बजे कुछ अनावेदकों ने जबरदस्ती उनके मकान की छत के कवेलू उतार कर नीचे फेंक दिए, जिससे वे पूरी तरह टूट गए। इस घटना से मकान की छत पूरी तरह से खुल गई है और अब बारिश का मौसम शुरू हो जाने से मकान की दीवारें गिरने की संभावना बन गई है। उन्होंने बताया कि पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहा है, जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मकान में लगभग 20 क्विंटल चना और 50 क्विंटल गेहूं भरा हुआ है, जो बारिश से खराब होने की कगार पर है। इस पूरी घटना से उन्हें करीब 10 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हो चुका है। देवशंकर बारपेटे ने घटना का वीडियो भी बनाया है और इसकी रिपोर्ट थाना मुलताई के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी मासोद में दर्ज कराई है। साथ ही हल्का पटवारी को भी जानकारी दी गई है, परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से वह बेहद दुखी और निराश हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई तो अनावेदकों ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने पुलिस को कुछ बताया तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इस धमकी के चलते वह और उनका पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है।

## बारिश से पहले रोड, नाली, पानी, बिजली की मांग, सीएमओ से उठाई व्यवस्थाओं की मांग

# गुमटीधारकों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने शिवसेना यूबीटी ने सौंपा ज्ञापन



**बैतूल।** कोठीबाजार स्थित अभिनन्दन सरोवर के पीछे विस्थापित दुकानदारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर शिवसेना यूबीटी ने सोमवार को विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर एवं सीएमओ नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शिवसेना यूबीटी के जिला अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2005 में नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा कोठीबाजार स्थित अभिनन्दन सरोवर के पीछे लगभग दो दर्जन से अधिक गुमठीधारकों का स्थानांतरण किया गया था। उस समय सभी से 5-5 हजार रुपये भी जमा करवाए गए थे, लेकिन स्थान पर सडक़, नाली, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण व्यापारी वहां अपनी दुकानों का संचालन शुरू नहीं कर सके थे। प्रदीप जायसवाल ने बताया कि नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा 21 अप्रैल 2025 को एक बार फिर से इन दुकानदारों का विस्थापन कर अभिनन्दन सरोवर के पीछे स्थान दिया गया है, परंतु अब तक वहां न तो सडक़ बनी है, न ही नाली की कोई व्यवस्था है। पानी और बिजली की सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अब बरसात का मौसम आने वाला है, ऐसे में पानी भरने, कीचड़ होने और दुकानों तक पहुचने में परेशानी जैसी समस्याए निश्चित रूप से सामने आएंगी।

इससे दुकानदारों को व्यवसाय करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि जल्द से जल्द वहां पर रोड, नाली, पीने के पानी और बिजली की व्यवस्था की जाए, ताकि विस्थापित दुकानदारों को सम्मानजनक और व्यवस्थित रूप से अपना व्यवसाय करने का अवसर मिल सके।

# जिला चिकित्सालय में सिकलसेल जांच काउंसलिंग और परामर्श शिविर आज

**बैतूल।** विश्व सिकलसेल दिवस पर आज 19 जून 2025 को जिला चिकित्सालय बैतूल परिसर के नवीन एमसीएच भवन में प्रातः 10.30 बजे से सिकलसेल जांच, काउंसलिंग एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा सिकल सेल के संदिग्ध मरीजों की जांच, उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा, जिसमें जनरल मेडिसिन, आर्थोपेडिशियन, शिशु रोग विशेषज्ञ, फीजियोथैरिपिस्ट, काउंसलर इत्यादि सम्मिलित होंगे।

शिविर में टेलीमेडिसिन के माध्यम से डॉ सचिन बंसल भोपाल द्वारा मरीजों की काउंसलिंग की जायेगी। सिकलसेल दिवस पर बड़वानी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगण सम्मिलित होंगे जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े एवं जिला नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ अंकिता सिते द्वारा सिकल सेल दिवस पर जानकारी दी जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से होगा शुरू

**बैतूल।** आने वाले 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति द्वारा तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई है। यह शिविर फिल्टर प्लांट के पीछे माचना नदी विसर्जन घाट, विवेकानंद वार्ड बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबड़े ने बताया कि 19, 20 एवं 21 जून को प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा और प्रतिभागियों को योग के महत्व की जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से लोगों को यह बताया जाएगा कि नियमित योग और आयुर्वेद के माध्यम से कैसे बड़ी-बड़ी बीमारियों से बचाव और उपचार संभव है। शिविर पूर्णतः निःशुल्क है और इसमें भाग लेने के लिए सभी योग साधकों, नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं से अपील की गई है। सुनील कुबड़े ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धता का भी मार्ग है।

## पानी की खराबी से होने वाली बीमारियां फिर उठाने लगी सर


# पवित्र नगरी में बढ़ रही है हेपेटाइटिस ए मरीजों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

पवित्र नगरी में जल जनित बीमारियों का प्रकोप निरंतर बढ़ता जा रहा है। विशेष तौर से नगरीय क्षेत्र में बढ़ती हेपेटाइटिस ए मरीजों की संख्या चिंता का विषय है। मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी प्रतिदिन 250से 300 के पार पहुंच रही है। इसमें से पानी की खराबी के कारण होने वाली बीमारियों के मरीजों की संख्या आधा सैकड़ा के पार बताई जा रही है।

नगर के निजी अस्पतालों में इलाज करने वाले मरीजों की संख्या इससे कई अधिक है और इतने ही मरीज नगर से बाहर जाकर इलाज करा रहे हैं। नगर के प्रमुख क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल मे बीते 20 दिनों में दो दर्जन से अधिक हेपेटाइटिस ए के मरीज भर्ती हुए हैं, किंतु अभी भी हेपेटाइटिस ए के मरीज आने का सिलसिला थमा नहीं है।

पल्लू अग्रवाल बताते हैं कि हेपेटाइटिस बीमारी के चलते मेरी बेटी को क्रिश हॉस्पिटल में एडमिट करना पड़ा। गांधी चौक में ही हेपेटाइटिस ए के मरीजों की संख्या एक दर्जन के लगभग पहुंच गई है। कुछ स्थानीय निजी अस्पतालों में उपचार कर रहे हैं तो कुछ इलाज के लिए बाहर जा रहे हैं। पिछले दिनों उल्टी दस्त के प्रकोप के बाद प्रशासन सजग हुआ था पानी की जांच की गई थी किंतु कुछ दिन बाद मामला ठंडा हो गया और पानी की खराबी से होने वाली बीमारी के मरीजों की संख्या फिर बढने लगी है। नगर प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए।




### हेपेटाइटिस ए बीमारी और क्या है, इसके लक्षण

क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल के डॉक्टर अभिलाष कविटकर एमडी मेडिसिन हेपेटाइटिस ए के संबंध में बताते हैं कि समय पर उपचार न करने पर यह बीमारी बहुत गंभीर भी हो सकती है। अभी हमारे पास जो मरिज रहे हैं उनका एसजीओटी, एस्पार्टेट एमिनोट्रांस्फरेज एवं एसजीपीटी, एएलटी (एलेनिन एमिनोट्रांस्फरेज) जो 25 से 40 के बीच होना चाहिए वह 250 से 400 के बीच होता है और उसके 1 दिन बाद 1200 तक पहुंच जाता है। हेपेटाइटिस ए लीवर इंफेक्शन है जो दूषित जल एवं दुषित भोजन सेवन से होता है।

### डॉक्टर बने मुसीबत

मुलताई क्षेत्र में फैल रहे झोलाछाप डॉक्टर जो विभिन्न पैथ की फर्जी डिग्री प्राप्त कर एलोपैथ इलाज कर रहे हैं आम नागरिकों के लिए बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं और इन झोला छापो पर गलत इलाज से मौत तक के आरोप लगने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करते दिखाई नही देता। हेपेटाइटिस निरंतर बढ़ रहा हैं और जब वह इन झोलाछाप के पास जाते हैं तो वह मर्ज को जाने बगैर उटपटांग इलाज से मरीज की हालत मैं सुधार के बजाय और बिगड़ जाती है और गलत इलाज से मर्ज बढ़ जाता है जिसका खामियाजा मरीजो को महीनो बड़े अस्पतालों में एडमिट रहकर और लाखों रुपए बर्बाद करके चुकाना पड़ता है।

### इनका कहना है

हेपेटाइटिस ए पानी की खराबी से होने वाली बीमारी है पवित्र नगरी में बीते 20 दिनों से इनके मारीजो की संख्या निरंतर बढ़ रही है जो की चिंता का विषय है। अब तक दो दर्जन से अधिक मरीज हमारे हॉस्पिटल में एडमिट के बाद स्वस्थ होकर के घर जा चुके हैं कुछ अभी एडमिट है ।

**- डॉ. अंकुश भार्गव,** संचालक क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल मुलताई

नगर में सप्लाई होने वाले पेयजल की शुद्धता बनी रहे इसके लिए हरदौली जल प्लांट एवं नगर के पंप हाउस पर प्रतिदिन टीडीएस एवं पीएच वैल्यू टेस्ट होता है। फिर भी पेयजल की शिकायत आती है तो हम जांच करेंगे।

**- योगेश अनेराव,** उप यंत्री नगर पालिका मुलताई

**LOST CERTIFICATE**
(खोया - पाया)
Name- **MANISH HAJARE**, LOST- B.Sc. Nursing Registration Certificate No. AI- 41000 DII 40350, Issued by M.P. Nursing Counsil Bhopal. If found please call me.
Mob.No.- 8120855759

**संक्षेप खबर**

## संगठन चुनाव के लिए 21 को आएंगे पर्यवेक्षक

**सोहागपुर।** कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव अब मैदानी रूप से पर्यवेक्षण व रायशुमारी स्तर पर पहुंच चुके हैं। जिला, विधानसभा व ब्लॉक स्तर के चुनावों के लिए अब पर्यवेक्षक आऐंगे। सोहागपुर में भी संगठन सृजन अभियान के लिए 21 जून को पर्यवेक्षक आऐंगे। सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि संगठन सृजन अभियान अंतर्गत 21 जून 2025 को स्थानीय वाटिका गार्डन में दोपहर तीन पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अजेय कुमार तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक अवधेश सिंह सिसोदिया सहित सुखदेव पांसे व भूपेंद्र मोहासा उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष नर्मदापुरम के पद के लिए कार्यकर्ता अपनी राय देकर भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। गजेंद्र सिंह चौधरी के अनुसार उक्त बैठक में कांग्रेस के नगर, ब्लॉक व विधानसभा के संगठन चुनाव के प्रत्याशियों सहित सभी विंग्स के पधाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### जर्जर शासकीय आवासों के समीप जलाया जाता है कचरा, हो सकती है दुर्घटना

# जपं में नहीं कचरा निष्पादन व्यवस्था? खुले में जलाया जाता है यहां का कचरा

कचरा निष्पादन की व्यवस्था नहीं है। इसीलिए जपं कार्यालय का कचरा खुले में जलाया जाता है। जिसे लेकर नागरिकों में नाराज़गी है। क्षेत्र नागरिकों के अनुसार यह स्थिति हास्यापद बन गई है। नागरिकों में चर्चा बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर जपं कार्यालय में शायद डस्टबिन तथा कचरा निष्पादन की व्यवस्था नहीं है। इसीलिए जपं कार्यालय का कचरा खुले में जलाया जाता है। जिसे लेकर नागरिकों में नाराज़गी है।

क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार यह स्थिति हास्यापद बन गई है। क्योंकि जपं के सीईओ संजय अग्रवाल काफी वरिष्ठ माने जाते हैं। और उनके करीबी कर्मचारी यह कहते हुए नहीं थकते हैं कि साहब के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान जपं में जोरों से चल रहा है। लेकिन कर्मचारियों द्वारा व्यक्त बात से मैदानी सच्चाई बहुत अलग है। जनपद मुख्यालय स्थित कार्यालय की समीप खुले में कचरा जलाया जाना अधिकारी की वरिष्ठता पर सवाल खड़े करता है।

### होती है परेशानी

आसपास के रहवासियों तथा समीप के अन्य कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि आए दिन जपं का कागजों एवं अन्य सामग्री का कचरा लोक सेवा केंद्र की उत्तरी दीवार के समीप जला दिया जाता है। जिससे यहां दो खतरे बनते हैं। एक खतरा जपं के पुराने जर्जर आवासों के समीप आगजनी का हो सकता है। क्योंकि ये आवास लकड़ी के बने हुए हैं। और इनमें कभी भी जलते ढेर की उड़ती चिंगारियों से आग लग सकती है। वहीं कचरे का ढेर लोक सेवा केंद्र भवन के समीप जलाया जाता है। जहां दिनभर सैकड़ों नागरिक आते जाते हैं, जो धुएं से परेशान होते हैं। जलता कचरा उड़कर अन्य कार्यालयों में पहुंचता है। नागरिकों का कहना है कि जपं को इस अव्यवस्था पर लगाम लगानी चाहिए।

## सफाई कर्मी वेतन की मांग को लेकर एसडीएम से मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नप के सफाईकर्मियों ने वेतन ना मिलने पर जून माह के पहले सप्ताह में की हड़ताल एसडीएम अनिल जैन के आश्वासन पर खत्म की थी। आश्वासन था कि 10 दिन में समस्या का समाधान किया जाएगा। लेकिन 10 दिन में समाधान नहीं होने पर बुधवार को सफाईकर्मी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एवं उनसे गुहार लगाई कि समस्या हल की जाऐ।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों ने प्रशासन से कुछ मांगें की थी। जिनमें मुख्य मांग वेतन वृद्धि का लाभ देने, एरियर देने तथा पीएफ फंड की जानकारी देने की थी। नप सफाई कर्मियों ने बताया कि बुधवार शाम करीब एक घंटे तक एसडीएम से इस समस्या को लेकर चर्चा हुई। लेकिन कोई भी समाधान नहीं हो पाया है। यहां तक कि नप के जनप्रतिनिधि बुलाने पर भी एसडीएम के कार्यालय नहीं पहुंचे। नगर परिषद सूत्र बताते हैं कि कर्मचारियों की वेतन संबंधी मांगों की पूर्ति नहीं हो पाई है और ना ही मई माह का वेतन बुधवार शाम लगभग छह बजे तक कर्मचारियों को मिल पाया था। इससे कर्मचारियों में काफी रोष है एवं संभावना जताई जा रही है कि पुनः सफाईकर्मियों की हड़ताल का सामना नगर परिषद, प्रशासन व शहरवासियों को करना पड़ सकता है।

### नए सीएमओ की प्रतीक्षा

इधर नगर परिषद सूत्र बताते हैं कि नगर परिषद को अब स्थाई सीएमओ मिलने वाले हैं। कटनी क्षेत्र से धर्मेंद्र शर्मा का स्थानांतरण सोहागपुर नप सीएमओ के रूप में हुआ है। और अब सोहागपुर नप के जनप्रतिनिधि, कर्मचारी तथा प्रशासनिक अधिकारी भी प्रतीक्षा कर रहे हैं कि स्थाई सीएमओ ज्वॉइन करें। तथा वे अपने स्तर से समस्या का समाधान करें। सूत्र बताते हैं कि निकाय के वित्तीय हालात ठीक नहीं हैं। जिससे यह संभावना भी व्यक्त की जा रही है कि नए स्थाई सीएमओ के लिए भी वेतन समस्या का समाधान कर पाना आसान नहीं होगा।

## मटकुली के प्रसिद्ध व्यंजन का स्वाद लेने के लिए गोल्डन रिसोर्ट में रुके मंत्री का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मटकुली जिस्म की मह गांव में हवाई पट्टी बनने का प्रस्ताव पारित हो चुका था लेकिन किसी अज्ञात कारण होने के कारण वह संभव नहीं हो सका हिल स्टेशन पचमढ़ी से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर मटकुली स्थापित है यहां पर देनवा नदी जो कि राजा भभूत सिंह की रियासत है। यहां पर मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा कैबिनेट बैठक का आयोजन पचमढ़ी हिल स्टेशन में किया गया उसके कुछ समय बाद विधायक एवं सांसदों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह एवं राजनाथ सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर हिल स्टेशन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा अनेक



उपलब्धियां दी गई हैं जिसमें राजा भभूत सिंह की रियासत को संभालने के लिए अनेकों घोषणाएं की गई है तो वहीं पर ग्राम पंचायत मटकुली में जसपाल सिंह के द्वारा संतोष शर्मा गुड्डा भैया के साथ गोल्डन रिसोर्ट में मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र सिंह पटेल एवं नगरी प्रशासन मंत्री प्रतिमा सिंह बागड़ी का जोरदार स्वागत जसपाल सिंह एवं संतोष शर्मा शहीत साथियों के साथ किया गया। मटकुली के प्रसिद्ध व्यंजन का भी लाभ लिया गया जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मटकुली आदिवासियों का क्षेत्र है यहां पर आदिवासी समुदाय के द्वारा बरबटी के भाजी बड़े एवं अन्य कई तरह के पकवान प्रसिद्ध है जिसे मध्य प्रदेश सरकार के दोनों मंत्रियों के द्वारा बरबटी के भाजी बड़े का स्वाद लिया गया तथा मटकुली जैसे जंगल में गोल्डन रिसोर्ट का भी निरीक्षण किया गया। दौरान इस दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच नेहा धुर्वे ग्राम पंचायत के अनेकों निवासी आदिवासी समुदाय के सैकड़ो लोग होटल में उपस्थित रहे जिन्हें होटल संचालक के द्वारा इसने भोज का भी आयोजन किया गया।

## ग्रामीण अंचल के अशिक्षित लोगों के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया

### जपं उपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उल्लास रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सरकार ने अशिक्षित लोगों की शिक्षार्थ उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान शुरू किया है। सोहागपुर ब्लॉक में बुधवार को अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बारंगी के सरकारी स्कूल में एक आयोजन किया गया। जिसमें सोहागपुर जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह पटेल व सरपंच बलराम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह पटेल ने सरकार के अभियान के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जन जागरूकता के लिए उन्होंने गृह ग्रापं क्षेत्र में अपने वाहन को उल्लास रथ के रूप में तैयार कर रवाना किया है। जो ग्रामीणों को अभियान के बारे में जागरूक करेगा।

इस दौरान सोमेन्द्र सिंह पटेल, ग्राम सचिव साक्षरता समन्वयक आरएस रघुवंशी, स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ चंद्रप्रभा, प्रधानपाठक कल्पना सूर्यवंशी, अनिता, गंगाराम मेहरा, जीआर चौधरी, रामस्वरूप रघुवंशी ,मनोज कुमार उईके सहित अक्षर साथी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामवासी सम्मिलित थे।

## रसोइया,अध्यक्ष,सचिव का प्रशिक्षण हुआ

**माखन नगर।** शासन के आदेशानुसार शालाओं में मध्याह्न भोजन में संलग्न स्वसहायता समूह के अध्यक्ष,सचिव और रसोइयों का प्रशिक्षण जनशिक्षा केंद्र बागरा तवा में आयोजित किया गया। बीएसी रामभरोस बामनिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । बामनिया ने स्व सहायता समूह को निर्देश देते हुए कहा बच्चों को साफ सफाई के साथ निर्धारित मीनू अनुसार भोजन दिया जाए। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया । डीपीसी डॉ.राजेश जायसवाल एवं बीआरसी एस.एस. पटेल ने सफल प्रशिक्षण आयोजन की बधाई दी है ।

## 10 केंद्रो पर होगा मूंग का उपार्जन आज से पंजीयन होंगे प्रारंभ

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश सरकार जिला पिपरा अधिकारी राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित एवं जिला कलेक्टर नर्मदापुरम तथा संबंधित अधिकारियों के निर्देशानुसार आज 19 जून 2025 से मूंग का पंजीयन प्रारंभ करने की घोषणा मुख्यमंत्री के द्वारा विगत दिनों की जा चुकी है। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पिपरिया विकासखंड में 10 केंद्र तैयार किए गए हैं जिन पर मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जावेगी जिसमें मुख्य रूप से कृषक सेवा सहकारी समिति देवगांव का पहला केंद्र मंडी परिसर में रहेगा दूसरा केंद्र देवगांव पिपरिया मुख्यालय पर रखेगा। कृषक सेवा सहकारी समिति खापरखेड़ा मुख्यालय पर खरीदी करेंगे कृषक सेवा सहकारी समिति सांडिया मुख्यालय में खरीदी करेंगे तथा दूसरा केंद्र कृषक सेवा सहकारी समिति सेमरी तला मैं तैयार किया जावेगा कृषक सेवा सहकारी समिति रामपुर के द्वारा रामपुर ग्राम पंचायत में खरीदी की जावेगी जिसका दूसरा केंद्र मंडी प्रांगण पिपरिया में ही रामपुर के द्वारा खरीदी की जावेगी सेवा सहकारी समिति धनाश्री मुख्यालय पर खरीदी की जावेगी।

## एसटीआर की तीखी गर्मी में वनराज को बस पानी का सहारा



**सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में इन दिन तय खी गर्मी का माहौल है। जिसके चलते बाघ, तेंदुआ व भालू जैसे गर्म खून वाले वन्यजीव बहुत अधिक परेशान हैं। ये वन्यजीव जल स्रोतों में गर्मी से निजात पाते देखे जा सकते हैं। गत दिवस सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने मढ़ई भ्रमण किया। जहां पानी में बैठे बाघ का उन्होंने दीदार किया तथा इसकी तस्वीर भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है।

## राई खेड़ी में राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

गरीबों के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के माध्यम से पीडीएस राशन वितरण में किसी तरह की लापरवाही न करने के निर्देश दिए हैं तथा प्रत्येक माह लगातार 30 दिन तक राशन दुकान खुली रखना राशन दुकान के बाहर राशन दुकान का बोर्ड स्टार्ट का बोर्ड रखने के निर्देश दिए हैं तथा मां के प्रत्येक प्रत्येक माह में खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी को भी दुकान की जांच करते हुए शासन को अवगत कराया आवश्यक है लेकिन आज दिनांक तक इन सभी बातों का कोई ध्यान नहीं रखा गया है और न ही शासन के निर्देशों का खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी के द्वारा कोई पालन किया जाता है इसके उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत राई खेड़ी में आसान दुकान संचालक के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशों को अंगूठा दिखाते हुए शासन के नियमों को रद्धि टोकरी डालते हुए तीन माह राशन वितरण करने के निर्देश बरसात के पूर्व दिए गए हैं कि तीन माह का इकट्ठा राशन वितरण किया जावेगा लेकिन ग्राम पंचायत राईखेड़ी के कुछ आदिवासी एवं हरिजन के द्वारा जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारै को शिकायत की गई जनपद अध्यक्ष के द्वारा तत्काल खाद्य नागरिक आपूर्ति मनोज शुक्ला को बुलाकर आपस में उनकी क्लास ली गई तथा राशन दुकान पीडीएफ वितरण की जानकारी तथा शासन के नियमावली दुकान की नियमावली का निरीक्षण किया तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी से चर्चा की जनपद अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन जगह और खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी ने तीन माह का इकट्ठा राशन वितरण कराया। प्रिया सिद्ध होता है कि शासन के नियमों का पालन खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी के द्वारा नहीं किया जा रहा है उनके द्वारा समय-समय पर पीडीएस राशन दुकानों का वितरण एवं निरीक्षण वितरण के दौरान नहीं किया जा रहा है जिसके कारण दुकानदारों के द्वारा एक माह का सीधा राशन बाजार में बेचा जा रहा है।

**कायर्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

दूरभाष : 07575-278264 Email-cmosohagpur@mpurban.gov.in

कमांक/1310/ राज. शाखा/2025 सोहागपुर, दिनांक 18/06/2025

आपत्ति इस्तेहार सूचना
भवन / प्लाट नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 एवं म.प्र. नगर पालिका अचल संपत्ति का नामांतरण नियम 2016 के तहत निम्नानुसार नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि उपरांत नामांतरण किया जावेगा।

| क्रं. | दाखिल नाम | खारिज नाम | आधार | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रोनक उर्फ नर्मदाप्रसाद / रेवाशंकर मालवीय श्री वैभव कुमार लक्ष्मीनारायण मालवीय | कलेक्टर नर्मदापुरम, गुलाबचंद उईके राजस्व निरीक्षक | रजिस्टर्ड पट्टा | अम्बेडकर वार्ड |
| 2 | श्रीमति जोहरा बी, रेशमा बानो, शबाना/नूर खान | श्री भगवान सिंह पटेल, हरीशंकर पटेल / जुगलकिशोर पटेल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 3 | श्री प्रदीप कुमार भावसार / जगदीश प्रसाद भावसार | श्री अभयचंद खंडेलवाल / गुलाबचंद खंडेलवाल | रजिस्ट्री | शास्त्री वार्ड |
| 4 | श्रीमति शबनम बी/अजीज खां | श्रीमति रामवती बाई/राकेश रघुवंशी | रजिस्ट्री | रामप्रसाद वार्ड |
| 5 | श्रीमति पार्वती केवट / जमनालाल केवट | श्री रमेश प्रजापति/राधेलाल प्रजापति | रजिस्ट्री | गाँधी वार्ड |
| 6 | श्रीमति लता बाई मेहरा / हरीश मेहरा | श्रीराम जासयवाल/रामनरेश जासयवाल | रजिस्ट्री | रामप्रसाद वार्ड |
| 7 | श्रीमति राजेश्वरी शर्मा/ दिनेश शर्मा | श्रीमति लीला बाई शर्मा / सत्यनारायण शर्मा | वसियतनामा | सरदार वार्ड |
| 8 | श्री सोनू अहिरवार, बलकरन अहिरवार/ तुलाराम अहिरवार | श्री नंदकिशोर प्रजापति / दूलीचंद प्रजापति | रजिस्ट्री | गाँधी वार्ड |
| 9 | श्री सुखराम, विजयशंकर / चरणदास, कंष्णा बाई वेबा दर्शन सिंह, राजेश कुमार/दिनेश कुमार, आशा बाई/दर्शन सिंह | श्री चरणदास/ मल्खे, दर्शन/चरणदास मौर्य | मृत्यु प्रमाण पत्र | शास्त्री वार्ड |
| 10 | श्री जगदीश प्रसाद रघुवंशी, रघुनंदन, नर्मदाप्रसाद /दौलत सिंह | श्री अनिल कुमार आसवानी/मेघराज आसवानी | रजिस्ट्री | सुभाष वार्ड |
| 11 | श्री सौरभ पालीवाल / कृष्ण कुमार पालीवाल | श्री जानसन मसीह/पीरूलाल, ब्राइन लाल/विलियम लाल, म्यूरियल ग्रेस लाल/ब्राइन विलियम लाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 12 | श्री प्रवीण पटेल/रूपराम पटेल | श्री नारायण दास छाबड़िया आ. होतलदास छाबड़िया एवं अन्य | रजिस्ट्री | रामगंज वार्ड |
| 13 | श्रीमति विधुलता आवटे, उत्कर्ष आवटे/ गोपालनारायण आवटे | स्व.श्री गोपालनारायण आवटे आ. स्वश्री नारायण राव आवटे | रजिस्ट्री / पारिवारिक | रामप्रसाद वार्ड |
| 14 | श्री जागेश्वर शर्मा/बेनीप्रसाद शर्मा | श्रीमति कंचन छाबड़िया/दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल / संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 15 | श्री चेतन्य शर्मा/बेनीप्रसाद शर्मा | श्रीमति कंचन छाबड़िया/दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल / संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 16 | श्रीमति किरण बाई / कमलेश सराठे | श्रीमति श्यामा बाई/गोपीलाल तिवारी | रजिस्ट्री | तिलक वार्ड |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् सोहागपुर

## नर्मदापुरम संभागीय टीम ने टेबल टेनिस में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

ग्वालियर में आयोजित 11 वी राज्य स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीटेबल टेनिस प्रतियोगिता जो कि 13 से 17 जून तक तक आयोजित हुई। जिसमें नर्मदा पुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए पचमढ़ी के खेल शिक्षक संतोष यादव,अखिलेश शर्मा, राकेश नावड़ा ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं टीम इवेंट में संतोष यादव, राकेश नावड़ा औरअखिलेश शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। तीनों ही वर्तमान सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के पूर्व छात्र हैं। साथी टीम युगल ग्रुप में उमेश बरैया ,राजेश बीलिया ने भी उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एसपी एस बिसेन, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी गजेंद्र सुराजिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी , अश्वनी मालवीय , अरविंद शर्मा , विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता , रूपनारायण श्रीवास, किशन लाल उईके, एवं समस्त स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

दूरभाषा - 07575-278264 E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/1312/ राज शाखा/2025 सोहागपुर, दिनांक 18/06/2025

आपत्ति इस्तेहार सूचना
भवन/प्लाट नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 एवं म.प्र. नगर पालिका अचल संपत्ति का नामांतरण नियम 2016 के तहत निम्नानुसार नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि उपरांत नामांतरण किया जावेगा।

| क्रं. | दाखिल नाम | खारिज नाम | आधार | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अमित कुमार वर्मा/बद्रीप्रसाद वर्मा | श्री कृष्ण कुमार पालीवाल एवं अन्य 7 | रजिस्ट्री | सुभाष वार्ड |
| 2. | श्री उमेश वर्मा/बद्रीप्रसाद वर्मा | श्री कृष्ण कुमार पालीवाल एवं अन्य 7 | रजिस्ट्री | सुभाष वार्ड |
| 3. | श्रीमति रामेति पटेल/राजेश कुमार पटेल | श्री मनमोहन अहिरवार/रामचरण अहिरवार | रजिस्ट्री | रामगंज वार्ड |
| 4. | श्रीमति दीपाली दुबे/अनिल दुबे | श्रीमति कंचन छाबड़िया/दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल/संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 5. | श्रीमति राजा बाई पटेल/अरविन्द पटेल | श्री बलीराम पटेल / तुलसीराम पटेल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 6. | श्री सुनील रघुवंशी/रामदीन रघुवशी | श्री राजेश कुमार, गौरव सोनी / महेश सोनी | रजिस्ट्री | सुभाष वार्ड |
| 7. | श्रीमति गीता बाई यादव / कन्हैयालाल यादव | श्रीमति कंचन छाबड़िया/ दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल/संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 8. | श्री यश पुरी गोस्वामी/सुदर्शन पुरी गोस्वामी | शेख अब्दुल रहूफ शेख वशीर | रजिस्ट्री | रामप्रसाद वार्ड |
| 9. | श्रीमति रीनू यादव/विनोद यादव | लक्ष्मण मौर्य, रेखा बाई, भगवती बाई | रजिस्ट्री | इंदिरा वार्ड |
| 10. | श्रीमति कांति सोनी / बल्देवप्रसाद सोनी | श्रीमति कंचन छाबड़िया/दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल/संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |

मुख्य नगर प्रालिका अधिकारी
नगर परिषद सोहागपुर

**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

दूरभाषा - 07575-278264 E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/1308/ राज शाखा/2025 सोहागपुर, दिनांक 18/06/2025

आपत्ति इस्तेहार सूचना
भवन/प्लाट नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 एवं म.प्र. नगर पालिका अचल संपत्ति का नामांतरण नियम 2016 के तहत निम्नानुसार नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि उपरांत नामांतरण किया जावेगा।

| क्रं. | दाखिल नाम | खारिज नाम | आधार | वार्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति सलमा जान/गुरू मोहम्मद हनीफ | मोहम्मद हनीफ / गुलाब | रजिस्ट्री | सुभाष वार्ड |
| 2. | श्री यशपाल दास जेठवानी / ढालूमल जेठवानी | श्री रेवाराम चौरे / प्रेमदास चौरे | रजिस्ट्री | शास्त्री वार्ड |
| 3. | श्री आशीष कुमार जैन, अजय कुमार जैन एवं आतम कुमा जैन/विजय कुमार जैन | श्री कलीराम / हिम्मतसिंह एवं अन्य 4 | रजिस्ट्री | गौतम वार्ड |
| 4. | श्री चित्रांश पटेल/यजुवेन्द्र सिंह पटेल | श्रीमति श्रद्धा, अनिरुद्ध, अनामिका सिसोदिया/ दीपक सिसोदिया | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 5. | श्री जगदीश रघुवंशी / बालाराम रघुवंशी | श्रीमति कंचन छाबड़िया / दयाराम छाबड़िया, अर्चना खंडेलवाल / संजय खंडेलवाल | रजिस्ट्री | सरदार वार्ड |
| 6. | श्री जावेद खान/हनीफ खान | श्री नानकराम पटेल/धनराज सिंह पटेल | रजिस्ट्री | गॉधी वार्ड |
| 7. | श्री सोमेश सिटोके / गंगा विष्णु सिटोके | श्रीमति इंदिरा बाई / गंगा विष्णु सिटोके | वसियतनामा | गौतम वार्ड |
| 8. | श्रीमति सुशमा कुबरे/पोहपसिंह, लोकेन्द्र सिंह/पोहपसिंह, मनीष / पोहपसिंह | श्री पोहपसिंह / ज्वाला सिंह कुबरे | पारिवारिक बटवारा | शास्त्री वार्ड |
| 9. | श्री राजेश, मुकेश, सचिन, ममता, सुशमा, सुमन / प्रहलाद सिंह कुशवाहा | श्री प्रहलाद सिंह कुशवाहा / दम्डूलाल कुशवाहा | पारिवारिक बटवारा | रामप्रसाद वार्ड |
| 10. | श्री नवीन, प्रवीण / नन्हेलाल कुशवाहा | श्री नन्हेलाल / हरकिशन कुशवाहा | पारिवारिक बटवारा | मातापुरा वार्ड |

मुख्य नगर प्रालिका अधिकारी
नगर परिषद सोहागपुर

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन 19 से होगा

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। जिन किसानों ने मूंग बुवाई की है वे ई-उपार्जन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एमपी ऑनलाइन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्रो, साइबर कैफे आदि स्थानों पर जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नम्बर, वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान उनके आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में सीधे किया जाएगा। सभी किसान अपने आधार नम्बर से बैंक खाता तथा मोबाइल नम्बर लिंक कराकर उसे अपडेट रखें ताकि भविष्य में असुविधा न हो।

### पोर्टल पर 30 जून तक पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावासों का एमपी टास मॉडयूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2025-2026 में जो छात्र एवं छात्राएं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश से पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। इसके बिना छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है।

### 24 घंटे में 10.0 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 10.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 31.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 16.1, आष्टा में 0.0, जावर में 0.0, इछावर में 11.3, भैरूंदा में 18.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 3.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# निर्णयः मिठाइयों की पहचान अब मैसूर पाक, मोती पाक से नहीं, श्री से होगी

## पहलगाम हमले के बाद होटल व्यापारी संघ मेन ने वार्षिक बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के गीतांजलि गार्डन में होटल व्यापारी संघ द्वारा आयोजित वार्षिक बैठक संघ के संघरक्षक धनरूपमल जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई जिसमे वर्ष 20024-2024 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। संघ के अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल ने संघ द्वारा की गई गतिविधियों एवं आयोजनो के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कुछ नए नियम बनाये गए। जिसमे सभी व्यापारी की सहमति ली गई। सभी व्यापारी से रायशुमारी की और उनकी समस्याओ को सुना गया और अनेक निर्णय लिए गए। संघ के वरिष्ठ संघरक्षक स्वः गणेश प्रसाद खत्री को श्रद्धांजलि दी गई। कोषाध्यक्ष मुकेश जैन महावीर ने वार्षिक आय व खर्च का विवरण प्रस्तुत किया। संघ के महामंत्री दिलीप वशिष्ट ने सभी को फ़ूड नियम समझाये। होटल व्यापारी संघ मेन द्वारा वार्षिक बैठक में जिन मिठाई में पाक लगता था उसमें अब श्री लगाने का निर्णय लिया है। जैसे खोपरा श्री, आम श्री, मैसूर श्री, मोती श्री लगया जाएगा। यह निर्णय पहलगाम हमले के बाद




होटल व्यापारियों ने लिया बैठक में उपस्थित स्नेहलता जैन, नरेश खत्री, मुकेश मेवाड़ा बाबा, महेश कुमार राठी, परमानंद विश्वकर्मा, लोकन वशिष्ट,अर्जुन प्रजापति, पंकज जैन नाकोड़ा, उज्वल जैन मावा, उत्थान धारवा, मनोहर मेवाडा, संजय वशिष्ठ, किशोर वशिष्ट, अमरीश नायक, महताब सिंह राजपुरोहित, स्वरूप सिंह राजपुरोहित, राजेश लखानी, नरेश लखानी, पवन श्रीमाल, हर्ष राठौर, धर्मेन्द्र यादव,मोनू प्रजापति,दीपक मेवाड़, अमन जैन, अंकुर खंडेलवाल, अमित मूंदड़ा, सोहाँन सिंह, ज्ञानसिंह मेवाड़, अनुज मेवाड़, कुणाल जैन, पवन जैन, कैलाश गुर्जर, प्रकाश कुशवाह,सौरभ वशिष्ठ, शुभम जैन, आयुष जायसवाल, गोविंद वशिष्ठ, भानु मेवाड़ा, दीपक सुराणा, राजेंद्र चौरसिया उपस्थित रहे।

## नरवाई नहीं जलाने के प्रतिबंध के बाद भी आदेश की हो रही अवहेलना

# शाम होते ही शहर को कोहरे की चादर की तरह ढक लेता है नरवाई का धुआं, लोग हो रहे बीमार

किसानों के नरवाई जलाने के कारण शहर में शाम के समय धुआं ही धुआं नजर आता है, फिर भी प्रशासन अनजान बना हुआ है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरूंदा



शाम होते ही खेतों से आग की लपटें उठने लगती हैं। रात के समय तो स्थिति इतनी भयावह हो रही है कि नरवाई का धुंआ पूरा भैरूंदा शहर कोहरे की चादर की तरह ढंका नजर आता है। जिससे लोगों को सांस लेने और आंखों में जलन की शिकायतों के मामले भी तेजी से सामने आ रहे हैं। किसान अधिक लाभ कमाने के चक्कर में न केवल प्रकृति का दोहन कर रहे हैं, बल्कि उसके साथ अन्याय भी कर रहे हैं। जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यह नजारा पिछले पखवाड़े से भैरूंदा के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है।भैरूंदा शहर और आसपास के इलाकों में किसानों द्वारा नरवाई (फसल के अवशेष) जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। दिसंबर माह के कोहरे जैसा नजारा इस गर्मी में नरवाई के धुएं के कारण देखने को मिल रहा है। रात भर आसमान ही नहीं, सडक्रों पर भी धुएं के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। धुएं की इतनी अधिकता के चलते शहरवासी ठीक ढंग से शयन भी नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते कई लोगों को आंखों में तेज जलन के कारण सिविल अस्पताल और निजी चिकित्सकों के पास जाना पड़ रहा है।किसानों की जल्दबाजी और प्रकृति से खिलवाड़मूंग (जायद) फसल की कटाई के बाद किसान सोयाबीन और मक्का की बुवाई की तैयारी में लगे हैं। खेतों को रोटावेटर से साफ करने की बजाय, किसान नरवाई में आग लगाकर इसे जल्द से जल्द साफ करना चाहते हैं। यह तरीका उन्हें बिना मेहनत के खेत तैयार करने में मदद करता है, लेकिन इसका सीधा असर मौसम और पर्यावरण पर पड़ रहा है। दिन में सूर्य की तेज गर्मी और शाम को जलने वाली नरवाई के कारण गर्मी तेजी से बढ़ती है, जिससे शहरवासी और ग्रामीण दोनों परेशान हैं।

### आदेश की अवहेलना पर चुप्पी

क्षेत्र में कलेक्टर द्वारा खेतों में आग लगाने पर पूरी तरह से रोक लगा रखी है, इसके बावजूद किसान आदेश की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि प्रशासन इस मामले में पूरी तरह से मूकदर्शक बना हुआ है और कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रात के अंधेरे में किसान बेखौफ होकर अपने खेतों को आग के हवाले कर रहे हैं, जिसका खामियाजा पूरे नगर को भुगतना पड़ रहा है।

### उर्वरा शक्ति में कमी, उत्पादन पर असर

जानकारों का कहना है कि यह जल्दबाजी किसानों के लिए भी हानिकारक साबित हो रही है। नरवाई जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, जिसका सीधा असर आने वाले समय में फसल के उत्पादन पर दिखेगा। इस बार प्राकृतिक आपदाओं और कीट प्रकोप के कारण मूंग का उत्पादन संतोषजनक नहीं रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जमीन के साथ इस तरह का खिलवाड़ अंततः किसानों को ही कम औसत उत्पादन के रूप में भुगतना पड़ेगा। इस संबंध में भैरूंदा एसडीएम का कहना है कि जल्द ही मूंग की पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई पिकअप वाहन सहित 10 गोवंश बरामद, चालक फरार




हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

चैनपुर पुलिस ने बुधवार को झिरन्या-दामखेडा मार्ग पर गोवंश के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की है। जिसमें 10 गोवंश (रु.1 लाख) और पिकअप वाहन (रु.7 लाख) को पुलिस ने बरामद किया है। जबकि चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। घटनानुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने झिरन्या-दामखेड़ा मार्ग उक्त कार्रवाई की है एक पिकअप वाहन को गोवंश सहित बरामद किया है। पुलिस टीम ने डेहरिया के समीप रोकने का प्रयास किया, परंतु चालक ने पिकअप न रोककर तेज गति से आगे ले गया। जिसका पीछा किया तो पुलिस टीम को पीछे आता देख चालक वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो उसमें 10 गोवंश भरे हुए थे, जिसे तत्काल मुक्त कराया गया। जबकि वाहन बिना नंबर का था। इस मामले में पुलिस ने चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी नाथुसिंह रंधा ने बताया की फरार चालक को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक नाथुसिंह रंधा नेतृत्व में की गई।

## कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि

# दादाजी धूनीवाले मंदिर के नवनिर्माण कार्य का भूमिपूजन 30 को आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



जिले के प्रसिद्ध दादाजी धूनीवाले मंदिर के नवनिर्माण कार्य का भूमिपूजन 30 जून को आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा संत समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

मंगलवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, बिजली कंपनी के सहायक यंत्री और मंदिर ट्रस्ट के तीन सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर की सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। स्थाई यूरिनल्स निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और अस्थायी यूरिनल्स हटाने के निर्देश दिए गए। आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, सजावट तथा अन्य सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। साथ ही, कार्यक्रम की समय-सारणी पर भी अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने आईटीआई के पीछे निर्मित मूर्ति विसर्जन कुंड का भी निरीक्षण किया। 50 फीट लंबा, 50 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा यह कुंड मूर्ति विसर्जन के लिए तैयार किया गया है। आयुक्त ने सुरक्षा की दृष्टि से कुंड के चारों ओर फेंसिंग कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि मवेशियों या अन्य जानवरों को किसी प्रकार की हानि न पहुंचे।

## स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया

# रेलवे ब्रिज की जर्जर हालत, जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं सहेंगेः सिंघार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा।



शहर के एकमात्र रेलवे ब्रिज की जर्जर हालत और लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंगलवार को स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष दीपक लक्ष्मण राठौर (मुल्लू) भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि ब्रिज की स्थिति अत्यंत खतरनाक है। रोजाना हजारों नागरिक, स्कूली बच्चे, अधिकारी और जनप्रतिनिधि जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। ब्रिज पर गड्ढों की भरमार है और मरम्मत के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है। दीपक राठौर ने कहा कि जिस तरह भोपाल में ब्रिज को 90 डिग्री मोड़ने का उदाहरण सामने आया, कहीं वैसा ही हाल खंडवा की तीन पुलिया योजना का न हो जाए, जो बीते आठ वर्षों से अधूरी पड़ी है।

### विधानसभा में प्रश्न के रूप में उठाएंगे

उमंग सिंघार ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जनता की जिंदगी और सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मामले को लेकर वह मुख्यमंत्री, कमिश्नर और कलेक्टर से शीघ्र चर्चा करेंगे। साथ ही तीन पुलिया योजना को गति देने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। यदि आवश्यकता पड़ी तो वह इसे विधानसभा में प्रश्न के रूप में उठाकर उच्च स्तर पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि खंडवा रेलवे ब्रिज की स्थाई मरम्मत और समाधान जल्द कराया जाएगा, ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके।

## कुबेरेश्वरधाम पर भजन संध्या में शिव-शक्ति के लगे जयकारे

# किसी की भावना को ठेस पहुंचाना मकसद नहींः मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिव पुराण जगत के कल्याण के लिए है, किसी की भावना का ठेस पहुंचाने के लिए नहीं है। महाराष्ट्र कथा के दौरान मृत्यु के देवता यमराज और सनातन धर्म के आराध्य हमारे भगवान चित्रगुप्त का प्रसंग चल रहा था, इसको लेकर जो मामला बना है, उससे किसी को ठेस पहुंची है तो हम इसके लिए संपूर्ण श्रद्धालुओं से क्षमा चाहते हैं। उन्होंने कहाकि संत, महात्मा, देवी-देवता सभी मेरे लिए भगवान का रूप है। उन्होंने कहा है कि उनकी मंशा किसी जाति, किसी व्यक्ति विशेष को ठेस पहुंचाने की नहीं थी। शिवपुराण के दौरान एक प्रसंग आया था और उन्होंने उसी संदर्भ में वह बात कही थी। यदि मेरे कथन से किसी समाज या व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा चाहता हूं। मेरा उद्देश्य केवल शिव महापुराण के माध्यम से लोगों का कल्याण करना है। मैंने किसी समाज या देवी-देवता का अपमान नहीं किया, यदि किसी को भी मेरी वाणी से ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा मांगता हूं।

### श्रद्धालुओं ने लगाए भजन संध्या में शिव-शक्ति के जयकारे



अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के जन्मोत्सव के अंतर्गत कुबेरेश्वरधाम पर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा की एक शाम कुबेर भंडारी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया था। जहां उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर माता के जयकारे से सत्र की शुरुआत की और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया भजनों में, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी और केसरी के लाल जैसे लोकप्रिय गीत शामिल थे। फेमस भक्ति सिंगर लक्खा पहुंचे, मंच पर मौजूद लक्खा ने अपनी पूरी टीम के साथ समां बांधा, लखबीर ने सेशन की शुरुआत माता के जयकारे से की, इससे पहले वह धाम स्थित गुरुदेव पंडित श्री मिश्रा के पास पहुंचे उस दौरान उन्होंने कहाकि वह निरंतर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य गुरुदेव के प्रवचन का श्रवण करते है, उनकी कथाओं ने पूरे सनातन धर्म को एकजुट किया है।

## गणगौर पर्व के दौरान कोंडावत में हुआ था हादसा

# सीएम ने पीड़ित परिवारों को दो-दो लाख रुपए देने के साथ ही स्थाई रोजगार का भी भरोसा दिया



**खंडवा।** गणगौर पर्व के दौरान कोंडावत में हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले आठ लोगों के परिजन अब भी गहरे सदमे में हैं। पीड़ित परिवारों की मदद के लिए समाज की ओर से 18 लाख रुपए का चंदा एकत्र किया गया है।

मंगलवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक छाया मौरे और कुनबी पटेल समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक सहायता से अधिक जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को स्थायी रोजगार मिले। इसके लिए स्व-सहायता समूह, पशुपालन और डेयरी जैसी योजनाओं के माध्यम से आजीविका के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक छाया मौरे के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान मद से प्रत्येक परिवार को दो-दो लाख रुपए की राशि देने का भी भरोसा दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री और विधायक अर्चना चिटनिस, पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, जिलाध्यक्ष शांतिलाल पटेल, रामेश्वर पटेल, सुखदेव पटेल, हीरालाल पटेल, गोपीचंद पटेल, कैलाश पटेल, प्रमोद पटेल, राजेश पवार, सोहन पटेल सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।